# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 29 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE



Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी डॉ ललित कुमार पंवार भारत सरकार के किस आयोग में पर्यटन और मेजबानी क्षेत्र पर सुझाव देंगे?**

**(A) नीति आयोग**
(B) पर्यटन विभाग
(C) शिक्षा आयोग
(D) इनमें से कोई नही

*♦भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी डॉ ललित कुमार पंवार को नीति आयोग में विशेष आमंत्रित सलाहकार के रूप में देश में पर्यटन और मेजबानी क्षेत्र पर सुझाव देंगे।*

*♦ भारत सरकार में पर्यटन सचिव रहने के साथ ही उन्होंने भारतीय पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के CMD. के रूप में भी सेवाएं दी*

*♦विश्व स्तर पर राजस्थान की पर्यटन की पहचान बने "पधारो म्हारे देश" स्लोगन भी उन्हीं का दिया हुआ है।*
*उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में ही पीएचडी की है*

01. सांख्यिकी दिवस के अवसर पर 29 जून को राजस्थान में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन कहां किया जाएगा?

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ प्रो. पी.सी. महालनोबिस के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सांख्यिकी दिवस के अवसर पर 29 जून को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

♦समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वार्षिक प्रकाशन स्टेटिस्टिकल ईयर बुक-2025', राजस्थान सतत विकास के लक्ष्यों पर रिपोर्ट-2025' का विमोचन तथा सतत विकास के लक्ष्यों पर वेबसाइट -2.0 को लॉन्च किया जाएगा

♦ इस अवसर पर राज्य में सांख्यिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रो. पी.सी. महालनोबिस राज्य स्तरीय सांख्यिकी अवार्ड से भी सम्मानित किया जाएगा।

02. राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक कमेटी का संयोजक किसे बनाया गया है

(A) धनंजय सिंह खींवसर

(B) दीनदयाल कुमावत

(C) अजय बिश्नोई

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦राजस्थान क्रिकेट संघ में चल रहे विवाद के बीच सरकार ने एडहॉक कमेटी में बदलाव किया है। भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी को हटाकर सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत को कमेटी का संयोजक बनाया गया है।

♦मंत्री गजेंद्र सिंह के बेटे धनंजय सिंह खींवसर को फिर से सदस्य बनाया गया है।

♦ तीन महीने के कार्यकाल वाली इस कमेटी को सितंबर तक आरसीए कार्यकारिणी के चुनाव कराने होंगे।

03. हाल ही में राजस्थान में कोटा विश्वविद्यालय ने किस देश के ग्रिगोल रोबाकिद्ज़े विश्वविद्यालय (GRUNI) के साथ शैक्षणिक समझौता (MoU) किया है?

(a) सिंगापुर

(b) जॉर्जिया

(c) केन्या

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में कोटा विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है.

♦कोटा विश्वविद्यालय ने जॉर्जिया के मशहूर ग्रिगोल रोबाकिद्ज़े विश्वविद्यालय (GRUNI) के साथ एक खास शैक्षणिक समझौता (MoU) किया है.

♦इस समझौते पर कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत और GRUNI के उप-कुलपति प्रो. वख्तांग चाराइया ने हस्ताक्षर किए.

♦ यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा.

04. जयपुर में आयोजित 29वें भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कितने भामाशाहों को सम्मानित किया?

(a) 135

(b) 215

(c) 95

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 28 जून को जयपुर के माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में आयोजित 29वें भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 135 भामाशाहों को सम्मानित किया.

♦इनमें 35 को शिक्षा विभूषण और 100 को शिक्षा भूषण पुरस्कार दिया गया.

♦मुख्यमंत्री ने शिविरा ई-बुलेटिन, भामाशाह प्रशस्ति पुस्तिका, नई पाठ्यपुस्तकों और 1000 करोड़ की आरटीई वाउचर डीबीटी योजना का डिजिटल लोकार्पण किया.

05. राजस्थान के किस ज़िले के बहाज गांव में पुरातत्व विभाग को 3500 और 1000 ईसा पूर्व के बीच पनपी बस्तियों के साक्ष्य मिले हैं?

(a) जोधपुर

(b) डीग

(c) करौली

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥राजस्थान के डीग ज़िले के बहाज गांव में पुरातत्व विभाग को अप्रैल 2024 से मई 2025 के बीच की गई खुदाई के निष्कर्ष 3500 और 1000 ईसा पूर्व के बीच पनपी बस्तियों के साक्ष्य मिले हैं। ( पूर्व-होलोसीन युग के संकेत )

♦ इन खोजों में अधिकांश अवशेष कुषाण, मगध और शुंग राजवंशों के समय के हैं।

♦ इनमें मिट्टी के खंभों वाली आवासीय संरचनाएँ, स्तरीकृत दीवारों से युक्त खाइयाँ, भट्टियाँ और लोहे-तांबे की कलाकृतियाँ, 15 यज्ञ कुंड, शिव-पार्वती की टेराकोटा मूर्तियाँ, हड्डी के औजार, अर्ध-कीमती पत्थरों के मोती और शैल की चूड़ियाँ शामिल हैं।

♦ यहां से चार कच्ची मुहरें मिली हैं, जिन पर ब्राह्मी लिपि के अक्षर खुदे हुए हैं। यह राजस्थान में ब्राह्मी लिपि के सबसे पुराने प्रमाण माने जा रहे हैं।

06. कोटा के बाद राजस्थान के किस जिले में प्रदेश का दूसरा हेंगिंग ब्रिज बन रहा है?

(A) डूंगरपुर

(B) भरतपुर

(C) राजसमंद

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦गुजरात से सटे डूंगरपुर के चीखली ग्राम पंचायत के बेडूआ गांव में माही-अनास और जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम संगमेश्वर और बांसवाड़ा जिले के आनंदपुरी के बीच हैंगिंग ब्रिज का काम पिछले 9 सालो से चल रहा है.

♦यह ब्रिज पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार के समय में 2016 में स्वीकृत हुआ था.

♦माही नदी पर उच्च स्तरीय पुल का बन रहा है, जो प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा हैंगिंग ब्रिज है. जिसकी कुल लम्बाई 1.925 किलोमीटर लंबा है.

♦इस पुल के बनने से दोनों जिलों के बीच की दूरी कम हो जाएगी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

07.राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है?

(A) पंकज कपूर

(B) उत्कल रंजन साहू

(C) संजीव वर्मा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ राजस्थान के डीजीपी उत्कल रंजन साहू को राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

♦अनुच्छेद 316(1) के तहत राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने साहू की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं।

♦1988 बैच के आईपीएस अधिकारी ओडिशा के उत्कल रंजन साहू को इससे पहले 2023 में कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था। जिन्हें बाद में फरवरी 2024 में स्थाई डीजीपी नियुक्त किया गया।

08.विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए राजस्थान के किस जिले में घर-घर विज्ञान, घर-घर नवाचार अभियान शुरू किया गया है?

(a) उदयपुर

(b) जयपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए घर-घर विज्ञान, घर-घर नवाचार अभियान शुरू किया गया है।

♦उदयपुर जिले में इस अभियान की शुरुआत विधायक ताराचंद जैन ने की।

♦यह अभियान छात्रों को विज्ञान के बारे में अधिक ज्ञान प्रदान करता है और उन्हें जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करता है

**09. वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2029 की मेजबानी कौन-सा देश करेगा?**

(a) श्रीलंका

(b) बांग्लादेश

(c) पाकिस्तान

(d) भारत

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦भारत ने 2029 वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स की मेजबानी का अधिकार जीतकर इतिहास रचा है|

♦1985 से शुरू हुए इस प्रतिष्ठित द्विवार्षिक आयोजन की मेजबानी करने वाला भारत दक्षिण एशिया का पहला देश होगा|

♦ये खेल गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में आयोजित होंगे, जिससे राज्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिलेगी||

10. हाल ही में चर्चा में रहा माले महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?

(a) तमिलनाडु
(b) केरल
(c) कर्नाटक
(d) आंध्र प्रदेश

**Important Facts:**

♦हाल ही में चर्चा में रहे माले महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य में एक बाघिन और उसके चार शावक मृत पाए गए, जिससे क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण को लेकर चिंता बढ़ गई है।

♦यह अभयारण्य कर्नाटक के चामराजनगर जिले में पश्चिमी और पूर्वी घाटों के संगम पर स्थित है, जिसे वर्ष 2013 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था।

**Today, Quiz:**

**Q. नवंबर 2025 में 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 राजस्थान के किस शहर में आयोजित होंगे?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM — GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK — GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM — GK Search Engine